तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार, 2 अप्रैल 2024

11 गांवों में पहुंचकर केंद्र और राज्य सरकार की...

12 सुबह पाली में विद्यालय संचालन करने टीचर्स संघ...




क्षेत्र का पहला व एक मात्र सर्व सुविधा युक्त
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
रात में भी सोनोग्राफी और सी टी स्कैन
सर्वश्रेष्ठ आई सी यू एवम् विशेषज्ञ
डायलिसिस सेंटर
हृदय उपचार (इकोकार्डियोग्राफी)
डॉ. श्वेता पांडेय
एम् बी बी एस, डी एन बी जनरल मेडिसिन,
फेलोशिप इकोकार्डिओग्राफी
डॉ. भावेश पटेल
एम् बी बी एस, एम एस, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुष शर्मा
एम् बी बी एस, डी एन बी रेडियोलोजी

Sanjeevani
Multispeciality Hospital
अधिक जानकारी के लिए अभी संपर्क करें:
+91 80859 00763, +9 93408 01080
महिंद्रा ट्रेक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम, रायपुर (छ.ग.)
सदैव आपके लिए, आपके साथ

## खबर संक्षेप

### मतदान दलों का प्रशिक्षण 4 को

**गरियाबंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल निष्पादन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिले में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण प्रारंभ हो रहा है। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नियुक्त पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण 02 एवं 03 अप्रैल को होगा। इसी प्रकार महिला, युवा एवं दिव्यांग मतदान दलों के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक- 01, 02 एवं 03 का प्रशिक्षण 04 अप्रैल को आयोजित किया जायेगा। यह प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद, पॉलिटेक्निक कॉलेज गरियाबंद एवं आईटीएस कॉलेज गरियाबंद में आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण में मतदान अधिकारियों को सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराने मास्टर ट्रेनरों द्वारा विभिन्न निर्वाचन प्रक्रियाओं की जानकारी दी जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया है। साथ ही सेक्टर अधिकारियों को भी प्रशिक्षण में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये है।

### दरवाजा तोड़ घर में रखे नकदी एवं जेवर की चोरी

**महासमुंद।** सरायपाली थाना के ग्राम बोड़ेसरा के घर से 90000 की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक प्रार्थी सेतलाल साव पिता परसराम साव (53) ग्राम बोड़ेसरा निवासी के घर रात्रि में किसी अज्ञात शख्स ने घर का दरवाजा खोलकर अलमारी में रखे उक्त 1 पुराना सोने का हार कीमत 40 हजार रुपए एवं चांदी का कमरपट्टी कीमत 9 हजार रुपए एवं नगदी 50 हजार रुपए की चोरी कर ली। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर 457, 380 अपराध दर्ज किया है।

### पिकअप वाहन की ठोकर से युवक एवं बच्चे मृत

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम कौसरा के नाला के पास सड़क हादसे में दो की मौत हो गई। पुलिस ने बताया है कि रविवार की शाम को 5 बजे बिना नंबर की बोलेरो पिकअप के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक से चलाते हुए मो सा क्र. सीजी 06 जीयू 7791को पीछे ठोकर मार दिया, जिसमें सवार जितेंद्र कश्यप पिता हेमंत कश्यप (25) बरपेलाडीह एवं मानस चौधरी पिता कमलेश चौधरी (1) बरपेलाडीह की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** पुलिस ने अवैध शराब के बिक्री करने वाले तीन लोगों पकड़ा है। पिथौरा पुलिस ने नयापारा कला से रामलाल यादव पिता मेहतरू राम यादव (40) को 20 हजार एमएल महुआ शराब कीमत 4 हजार रुपए के साथ, बागबाहरा पुलिस ने ईंटभट्ठा के पास ग्राम जुनवानी खुर्द से राधेश्याम खेखार पिता जलधन खेखार (40) को 7 हजार एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए के साथ पकड़ा है। पुलिस ने दोनों आरोपियो को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत रिमांड में जेल भेजा गया है।

# निकलने लगीं धान की बालियां, कीट प्रकोप ने किसानों की बढ़ाई चिंता

## दिन में तेज धूप और रात में मौसम खराब, बादल छाए रहने से कीट प्रकोप में वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाण्डुका

क्षेत्र में ट्यूबवेल से किसान इन दिनों रबी फ़सल लगाए हुए है। जो इन दिनों धान की बालियां अब निकलने लगे गयी है। जिसमें दिन में तेज धूप और रात में मौसम खराब बादल छाए रहने से कीट प्रकोप में वृद्धि हो गयी जो बढ़ गयी है। वहीं फसल अब निकलने लगी है, जिस पर कीट ज्यादा लगने मौसम उतार चढ़ाव के कारण किसानों को फसल बचाने के लिए ज्यादा मात्रा में दवाई छिड़काव करना पड़ रहा है जो बे असर होते जा रही। जहां फसल निलकने के बाद किसान एक बार दवाई डालते थे वहां 3 से 4 बार डालना पड़ रहा है। फिर भी बेअसर हो रही है। दवाई की लागत ज्यादा आ रही है, इसमें कई जगहों पर नहर पानी भी दिया गया है। जिसमें भी किसान फसल ले रहे है लेकिन इसमें अभी लेट से पानी छोड़ने से अभी निंदाई चलाई किये है। इसमें बोर की फसल की अपेक्षा दो से ढाई महीना का समय लगेगा। जो लेट है निकल रही बलिया 20 से 25 दिन में पककर तैयार हो जाएगी।



### धान की फसल में तनाच्छेदक व भूरा माहू का प्रकोप

नवापारा-राजिम। इलाके में एक बड़े रकबे पर क्षेत्र के किसान ग्रीष्मकालीन धान की रबी फसल ले रहे है लेकिन इन्हें विभिन्न प्रकार के बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान डोशन सिन्हा, आशाराम साहू,पवन देवांगन, रामजी जांगड़े, प्रहलाद ध्रुव ने बताया कि तनाच्छेदक, पत्तीमोड़, भूरा माहू जैसे बीमारियो से फसल को नुकसान हो रहा है। इसके रोकथाम के लिए किसान कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव तो कर रहे है मगर इसका असर न के बराबर है। किसानो ने बताया कि फसल अब गबोट अवस्था में है जिसमें कुछ ही दिनों में बालियां आ जाएगी। जानकारी के मुताबिक इसी माह के अंतिम सप्ताह में कटाई भी शुरू हो जाएगी।





## तैयारी : जिले में मतदान के दौरान आपतकालीन स्थिति में लैंडिंग का किया गया अभ्यास

# लोकसभा चुनाव : जिला प्रशासन मुस्तैद, हेलीकॉप्टर का हुआ ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद/ मैनपुर

गरियाबंद जिले में सोमवार को एक हेलीकॉप्टर की लैंडिंग से हडकम्प मच गया जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग हेलीकॉप्टर लैंडिंग स्थल पर पहुंचे जैसे ही लोगों को पता चला कि हेलीकाप्टर उतारा है हेलीकाप्टर को देखने भारी भींड लग गई। थोडी देर बाद लोगों को पता चला कि मतदान के दौरान आपतकालीन स्थिति में लैंडिग का अभ्यास किया जा रहा है, ज्ञात हो कि आगामी 26 अप्रैल को जिले में लोकसभा का मतदान होना है और चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, ऐसे में विपरित परिस्थितियों में अगर चुनाव डयूटी के लिए हेलीकाप्टर की आवश्यकता होगी तो उसे सफल लैंडिंग कराया जा सके इसके लिए मॉक ड्रील की तरह अभ्यास किया जा रहा था, मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव को मद्दे नजर गरियाबंद में हेलीकाप्टर की ट्रायल लैंडिंग आगामी चुनाव में ट्रायल लैंडिंग किया गया है ताकि आगामी चुनाव में संवेदनशील मतदान केन्द्रों में कुछ मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से मतदान केंद्रों तक पहुंचाया जा सके।



### विधानसभा चुनाव में नक्सली ब्लॉस्ट से जवान हुआ था शहीद

ज्ञात हो कि पांच माह पूर्व हुये विधानसभा चुनाव में गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 11 किलोमीटर दुर गोबरा मार्ग में मतदान दल जब वापस लौट रहा था तो उन्हे सुरक्षा दे रहे आईटीबीपी के जवान नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईडी के चपेट में आने से शहीद हो गया था। गरियाबंद जिले के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुछ मतदान केन्द्र काफी संवेदनशील माना जाता है।

### संवेदनशील केंद्रों में मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक

केंद्रीय चुनाव आयोग ने घोषणा करते हुए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में महासमुंद लोकसभा के गरियाबंद जिले के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के 09 संवेदनशील मतदान केन्द्रों में मतदान का समय सुबह 07 बजे से 06 बजे की जगह 03 बजे तक रहेगी। तांकि मतदान दल दिन रहते सुरक्षित स्थान तक वापस लौट सके। इस सबंध में गरियाबंद के डीएसपी निशा सिन्हा ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पूर्व सभी तरह की परिस्थितियों से निपटने पुरी तैयारी किया जा रहा है, जिसके तहत अगर जरूरत पडी तो कुछ मतदान केन्द्रों तक मतदान दल को पहुचाने हेलीकाप्टर का प्रयोग किया जा सकता है इसलिए पहले से ट्रायल लैंडिंग कर स्थितियों का जायजा लिया गया।

# मेटाडोर ने बाइक को मारी टक्कर, युवती की मौत व युवक गंभीर




हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

नगर से दो किलोमीटर दूर शासकीय कालेज के पास हुए सड़क हादसे में रविवार को युवती की मौत हो गई है। युवती मोटर साइकिल से पड़ोसी के साथ छठ्ठी कार्यक्रम में सम्मिलित होने ग्राम बिरोडार के लिए निकली थी। मगर रास्ते में मेटाडोर ने उसे टक्कर मार दिया। जिसके चलते युवती की मौत हो गई है। हादसा छुरा थाना क्षेत्र में हुआ है। वहीं युवती वंदना की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। स्थानीय चिरघर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के संबंध में वंदना के परिजनों ने बताया कि वंदना बाईक से पड़ोसी युवक के साथ छठ्ठी में सम्मिलित होने बिरोडार जाने निकली थी। मगर आज यह हादसा हो गया है। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 3 बजे गरियाबंद मार्ग पर शासकीय कालेज के पास एक 709 मेटाडोर ने बाइक से गरियाबंद की ओर जा रहे युवक तरेन्द्र दीवान (20) एवं पिछे बैठी युवती वंदना पटेल (20) को पीछे से टक्कर मार दिया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने रायपुर रिफर कर दिया है। वहीं हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला था। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और गाड़ी को कब्जे में लिया गया।

# तेंदुए ने मवेशी का शिकार कर पेड़ पर चढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

इन दिनों गर्मी प्रारंभ होते ही नदी नाले पोखर तेजी से सुख रहे है और वन्य प्राणी गांव के नजदीक लगातार आ रहे है, जिसकी सूचना समय समय पर ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग को दिया जा रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 20 से 22 किलोमीटर दुर वन परिक्षेत्र धवलपुर अंतर्गत ग्राम बेगरपाला मरदाकला सिकासार मार्ग में इन दिनों शाम होते ही तेन्दुआ दिखाई देने लगा है, रविवार को यह तेन्दुआ ग्राम बेगरपाला के एक किसान के मवेशी बछड़े पर हमला कर शिकार बनाया और अपना शिकार मवेशी को लगभग 15 फीट पेड पर ले जाकर लटकाकर बैठा रहा। तेन्दुआ के द्वारा मवेशी के शिकार किये जाने की जानकारी लगते ही ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रहा है। ग्रामीण रमन मरकाम, योगेश मरकाम ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गांव के आसपास शाम होते ही वन्य प्राणी ▸▸ शेष पेज 10 पर



# पड़ोसी ही निकला चोर, आरोपी से जेवर बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

मैनपुर थाना अंतर्गत एक पड़ोसी द्वारा दूसरे पड़ोसी के घर में रखें सोने चांदी के जेवर चुराने का मामला सामने आया है। और मैनपुर पुलिस ने बड़ी सजकता के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई किया जा रहा है। आरोपी द्वारा चुराये गये सोना-चांदी के जेवर को बरामद कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा दिया गया है। मामले में प्रार्थिया ने थाना मैनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया की अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर में रखे चांदी के जेवर एक जोडी चांदी किमत 10000 रुपये, दो जोडी चांदी की बिछिया किमत 1000 रुपये एक नग चांदी की करधन किमती 5000 रुपये, एक जोडी चांदी के पैठी किमती 8000 रुपये सोने की 14 नग लॉकेट किमती 42000 रुपये, एवं नगदी रकम 16800 रुपये को घर कमरे में लोहे के संदूक में रखा था तथा अपनी मायके झरियाबाहरा गयी थी और मेरे पति काम पर गया था घर वापस आने पर अपने कमरे में रखे लोहे के संदूक में लगा ताला टूटा हुआ तथा संदूक में रखे सोना-चांदी का जेवर व नगदी रकम नहीं था। जिसे ▸▸ शेष पेज 10 पर



## मड़ेली में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय मानस गान सम्मेलन का हुआ समापन

# हम सभी परमात्मा से जुड़ेंगे तभी जन कल्याण संभव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़ागांव(कोरासी)

जिला मुख्यालय से महज 36 किलो मीटर दूर में स्थित ग्राम मड़ेली में एक दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन 29 से 31 मार्च आयोजन किया गया। जिसमें अन्तिम दिवस विभिन्न मण्डलीयों ने अपनी प्रस्तुति दी। मानस गान सम्मेलन के अन्तिम दिन महामंण्डलेश्वर, अघोर पीठाधीश्वर बाबा श्री प्रचंड वेग नाथ, एवं विश्व के 13 वें ज्योतिर्लिंग धाम महाऔघड़ेश्वर ज्योतिर्लिंग धाम अघोर मठ बिहावझोला मड़ेली महाकौशल क्षेत्र के संस्थापक का आगमन हुआ। बाबा ने अपने मधुर वचन से आशिर्वाद स्वरुप जन मानस को परमात्मा से बिजली की करंट की तरह जुड़ा रहने को कहा। जिस तरह बिजली के बल्ब तरह - तरह के होते हैं, लेकिन बिजली की करंट या ऊर्जा एक है। एक बटन दबाते ही सभी लाइट चालू हो जाती है, उसी तरह हम सभी लोग अलग-अलग है और परमात्मा एक है हम सभी को बिजली की तार(करंट) की तरह परमात्मा से जुड़ना है। तभी जन कल्याण सम्भव है। आगमन से ग्राम मड़ेली के ग्रामवासी गदगद हो गए। बाबा प्रचंड वेग नाथ को ग्रामीणों ने सहसम्मान स्वागत सत्कार कर आसान ग्रहण करने हेतु आग्रह किया। बाबा का आसान में विराजमान होने के पश्चात ग्रामीणों ने बाबा का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही भोग अर्पित की। सभी जन मानस ने बाबा जी के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किये। राज्य स्तरीय तीन दिवसीय मानस गान सम्मेलन को मानस मंडली डंगनिया (चम्पारण) ने समापन समारोह में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी झूम उठे। इस दौरान ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, रामायण समिति सदस्य, ग्रामीण सेवा समिति सदस्य एवं ग्रामवासी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।




### बांध में ट्रैक्टर के पलटने से युवक की मौत

**महासमुंद।** बागबाहरा के ग्राम गुलझर में बांध के नीचे ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने जानकारी दी है की चंपेश्वरी ठाकुर बागबाहरा निवासी के महिंद्रा ट्रैक्टर के चालक ने बांध के नीचे वाहन को पलट दिया जिससे उसमें दबने से ओमकुमार यादव पिता गंगाराम (18 ) की दबने से मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले मे आरोपी चालक पर धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# बगैर टिकट यात्रियों से टीटीई ऑनलाइन वसूलेंगे जुर्माना, स्टेशन पर डिजिटल भुगतान की सुविधा जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नया वित्त वर्ष आज से शुरू होने जा रहा है। रेलवे यात्रियों के लिए ऑनलाइन पेमेंट को बढ़ावा देने क्यूआर कोड स्कैनिंग की सुविधा ला रही है। अब रेलयात्री क्यूआर कोड स्कैन करके भी पेमेंट कर सकेंगे।

ट्रेन में बिना टिकट सफर वाले यात्रियों को ध्यान में रखते हुए जुर्माने की रकम भी अब ऑनलाइन ही जमा की जा सकती है। रेलवे स्टाफ के पास हैंड हेल्ड टर्मिनल मशीन की सुविधा रहेगी। जुर्माना लगने की स्थिति में इस डिवाइस से क्यूआर कोड स्कैन कर यात्री ऑनलाइन जुर्माना भर सकेंगे। कई बार यात्रियों के पास नकद पैसे नहीं होते। ऐसे में ऑनलाइन सिस्टम लागू होने से यात्री और टीटीई दोनों को सहूलियत होगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में जल्द ही ये सिस्टम लागू किया जाएगा।

उत्तर और पश्चिम रेलवे में आज से यह सुविधा लागू हो जाएगी। रेलवे नए वित्त वर्ष में डिजिटल भुगतान को विशेष रूप से बढ़ावा दे रहा है। रायपुर और बिलासपुर में इसकी शुरुआत हो चुकी है।

खास खबर

## नए वित्तीय वर्ष से देशभर में रेलवे कर रहा बदलाव, यात्रियों को मिलेगी नई सुविधा



### बिलासपुर के बाद अब रायपुर में सुविधा

बिलासपुर रेलमंडल के टिकट काउंटरों पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू हो चुकी है। अब रायपुर में भी इसे लागू किया जाएगा। कमर्शियल विभाग तैयारी कर रहा है। विभाग ने सभी आरक्षण केंद्र प्रभारियों को इस संदर्भ में तैयारी और इसमें आने वाली समस्याओं की समीक्षा करने कहा है। रेलवे के जनरल टिकट काउंटर पर हर दिन लंबी कतार लगना आम बात है। कई बार यात्री के पास फुटकर पैसे नहीं होते और टिकट काउंटर पर तैनात कर्मचारी द्वारा ज्यादा पैसे लेने की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं। ट्रेन छूटने के डर से यात्री इसका विरोध भी नहीं करतो। यही हालत आरक्षण केंद्र में होती है। रायपुर रेलमंडल में ही 20 से ज्यादा आरक्षण केंद्र हैं तो वहीं जनरल के काउंटर की संख्या भी इससे ज्यादा है। यहां पर 24 घंटे में करोड़ों रुपए कैश आते हैं, जिसे एकत्र करने, गिनने और फिर उसे बैंक तक पहुंचाने में ही कई कर्मचारी लगते हैं।

### चिल्हर की समस्या होगी दूर

इस सुविधा का लाभ लेने के लिए यात्री को काउंटर पर जाकर जिस जगह के लिए जनरल टिकट चाहिए, वह बताना होगा। एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेन की जानकारी भी देनी होगी। इसके बाद काउंटर पर बैठा कर्मचारी सिस्टम में दिए प्रारूप को भरकर टिकट बनाएगा। पेमेंट के विकल्प में जाकर क्यू का बटन दबाना होगा। जब यह प्रक्रिया हो जाएगी, उसके बाद यात्री को क्यूआर कोड स्कैन कर भुगतान करना होगा। भुगतान के बाद जैसे ही यात्री मोबाइल पर भुगतान दिखाएगा, रेलकर्मी प्रिंट का बटन दबा देंगे। भुगतान की जानकारी ऑटोमेटिक सिस्टम में आ जाएगी। यदि भुगतान नहीं हुआ, तब टिकट का प्रिंट नहीं निकलेगा।

## खबर संक्षेप



### होजमालो कार्यक्रम 6 को मुख्यमंत्री को दिया न्योता

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा 6 अप्रैल को होजमालो कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शनिवार को राजधानी के एक निजी होटल में होगा। इसमें अहमदाबाद गुजरात से लय अंतानी साथ में मुंबई से बॉलीवुड बैंड के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि रविवार को मुख्यमंत्री विष्णदेव साय से मिलकर कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया और महतारी वंदन योजना का पोस्टर विमोचित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी ने कहा कि सिंधी काउंसिल महिला विंग का आयोजन 6 अप्रैल को है और इसमें मोदी की गारंटी वाली सरकार ने आते ही महतारी वंदन योजना की पहली किस्त दे दी। इस अवसर पर महिला विंग महामंत्री राशि बलवानी ने कहा, 6 अप्रैल को होजमालो रॉकिंग तंबोला का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इसमें लकी ड्रॉ, बेस्ट ड्रेस के साथ आकर्षक उपहार रखे गए हैं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, महिला विंग राशि बलवानी, जूही दरयानी, लक्ष्मण बजाज, हेमा जेठानी एवं अन्य उपस्थित थे।

### खरोरा पहुंचे विकास उपाध्याय, ली बैठक



**रायपुर।** रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी विकास उपाध्याय रविवार को खरोरा ब्लॉक के ग्राम केचला पहुंचे। जहां ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, जोन कमेटी, सेक्टर कमेटी, बूथ कमेटी के कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में महिलाओं की बैठक हुई, जिसमें उन्होंने कांग्रेस पार्टी द्वारा महालक्ष्मी गारंटी योजना के तहत प्रत्येक परिवार की महिलाओं को 8,333 रुपए प्रतिमाह यानी सालाना एक लाख रुपए दिए जाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही खरोरा के समस्त 98 मतदान केंद्रों, 13 सेक्टर और 4 जोन से आए हुए सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ में बैठक ली। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, जोन अध्यक्ष मुकेश आदि मौजूद रहे।

## गर्मी के सीजन में कैसे पूरी होगी भूजल स्रोत के नमूनों की जांच

# राजधानी में निगम के 2100 बोरवेल, 800 पॉवर पंप और रोजाना जांच हो रही सिर्फ 25 सैंपल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के शहर में 2100 बोरवेल और 800 पॉवर पंप के पानी के नमूने जांचने फिल्टर प्लांट के 2 लैब कम पड़ रहे हैं। एक दिन में 20 से 25 सैंपल की जांच की व्यवस्था होने और जांच रिपोर्ट आने में 72 घंटे लगने की समय अवधि ने निगम प्रशासन को चिंता में डाल दिया है। यही हाल रहा तो गर्मी के सीजन में शहर के सारे बोरवेल और पॉवर पंपों के पानी सैंपल की जांच होनी मुश्किल है। इससे आम जनता की सेहत दांव पर लगी है। पेशोपश में फंसा निगम प्रशासन आनन-फानन में भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट में निर्मित नए प्लांट के लैब को सोमवार से शुरू करने की तैयारी में है, जहां एक दिन में 5 से 10 पानी सैंपल की अतिरिक्त जांच की जा सकेगी।

हरिभूमि सरोकार

राजधानी के अंदरूनी इलाके सहित आउटर के वार्डों में गहराते भूजल स्रोत ने जहां आम आदमी की चिंता बढ़ाई है। वहीं नगर निगम के सार्वजनिक बोरवेल और पॉवर पंप से पानी पीना सुरक्षित नहीं रहा। पिछले एक सप्ताह से जल विभाग रोजाना औसतन 20 से 25 पानी सैंपल अलग-अलग इलाकों से कलेक्ट कर इसकी जांच फिल्टर प्लांट स्थित अपने 2 लैब में करा रहा है। जांच रिपोर्ट में 25 फीसदी सैंपल फेल हो गए। बोरपंप से लिए गए पानी के सैंपल की प्रयोगशाला में जांच के बाद इसमें हाईलेवल बैक्टीरिया पाया गया। जिसका दोबारा ट्रीटमेंट कराया जा रहा है। इसमें पहले दिन सोडियम हाइपो क्लोराइड का घोल डालकर पानी को उपचार किया जा रहा है। जरूरत पड़ने लगातार 3 दिनों तक यह प्रक्रिया जाती है। ताकि पेयजल किसी तरह से दूषित न हो।

### पानी के नमूने जांचने फिल्टर प्लांट के 2 लैब पड़ रहे कम, रिपोर्ट आने में 72 घंटे लग रहे

#### प्लांट के पानी की हर 3 दिन में हो रही जांच

शहर की नई,पुरानी 45 पानी टंकियों में पहुंचने वाला 300 एमएलडी पानी की आपूर्ति से पहले हर 3 दिन में जांच फिल्टर प्लांट के अधिकारी कर रहे हैं। पानी के जांच के बाद ही शहर भर में इसकी आपूर्ति की जाती है, पर निगम के सार्वजनिक हैंडपंप और पॉवर पंपों के पानी का उपयोग करने के लिए सजग रहने की जरूरत है, क्योंकि शहर के सभी बोरवेल और पॉवर पंप के पानी सैंपल जांचने निगम के पास समुचित साधन उपलब्ध नहीं हैं।





- अब नए प्लांट के लैब में सैंपल जांच की तैयारी, एनएचई के राज्य स्तरीय लैब की मदद लेने विचार

#### सोमवार से नए प्लांट के लैब में भी होगी सैंपल जांच

नगर निगम का जल विभाग सोमवार से भाठागांव के फिल्टर प्लांट परिसर में निर्मित नए प्लांट के लैब से पानी सैंपल की जांच शुरू करने जा रहा है। प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेंद्र ने बताया, नए लैब में रोजाना 5 से 10 पानी सैंपल की अतिरिक्त जांच हो सकेगी। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश एवं मार्गदर्शन अनुसार शहरभर के अलग-अलग इलाकों के बोरपंप, पॉवर पंपों से लिये गये पानी के नमूनों की जांच 2 लैब में वर्तमान में की जा रही है। यह तीसरा लेब सोमवार से शुरू होगा।

#### पीएचई राज्य स्तरीय प्रयोगशाला की मदद लेगा निगम

नगर निगम का जल विभाग अपने 3 लैब के अलावा जरूरत पड़ने पीएचई विभाग की राज्य स्तरीय प्रयोगशाला की मदद पानी सैंपल की जांच कराने में लेगा। इससे पानी के सेंपल की जांच में जहां तेजी आएगी, वहीं गर्मी के सीजन में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में आसानी होगी। पीएचई विभाग की भाठागांव स्थित प्रयोगशाला में निर्धारित शुल्क लेकर पानी सैंपल के जांच की व्यवस्था है। हालांकि अभी तक नगर निगम को इसकी जरूरत नहीं पड़ी और स्वयं के लैब में शहरभर से लिए पानी सैंपल की जांच करते आ रहा है।



### वेटलिफ्टिंग के लिए निशुल्क प्रशिक्षण

**छुरा।** जिला भारोत्तोलन संघ के तत्वाधान में वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों को निशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें कक्षा 8 वीं से ऊपर कक्षा की बालक एवं बालिकाएं शामिल हो सकते हैं। प्रशिक्षण का समय सुबह 6 से बजे 8 व शाम 4:30 से 6 बजे तक रहेगा। लड़कियों के लिए प्रशिक्षण स्थल सरस्वती शिशु मंदिर के सामने जिम रहेगा। वहीं इसी जिम में प्रशिक्षण व अभ्यास करने वाली पांच छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। जिसमें कुमकुम ध्रुव ने इसी वर्ष राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के लिए रजत पदक जीतकर जिले में नया इतिहास रचा है। खेल के क्षेत्र में स्टेट पदक विजेता खिलाड़ी पढ़ाई में बोनस अंक भी दिया जाता है एवं नौकरियों में भी प्राथमिकता दी जाती है। गरियाबंद जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष यशवंत यादव एवं समाजसेवी शीतल ध्रुव ने अधिक से अधिक बच्चो को खेल से जोडने व पंजीयन कराने की अपील की है ताकि आप का एक प्रयास, किसी को राष्ट्रीय खिलाड़ी बना सकता है।



### साहू समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**राजिम।** सेम्हरतरा के जनपद सदस्य नीरा-देव साहू के सुपुत्र जैनेन्द्र साहू उम्र 43 वर्ष मूकबधिर पिछले दो माह से लापता है इस मामले को लेकर साहू संघ के जिला अध्यक्ष नारायण साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल राजिम एसडीएम को ज्ञापन देते हुए कहा कि यदि 20 दिनों के भीतर शासन प्रशासन द्वारा प्रयास नहीं किया गया तो जिला साहू संघ, युवा प्रकोष्ठ तथा साहू समाज द्वारा उग्र आंदोलन प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने नीरा साहू जनपद सदस्य, अनुशासन साहू, कुलेश्वर साहू नगर पंचायत उपाध्यक्ष , रिकेश साहू, घनश्याम साहू, टीकम साहू, राजा साहू, विकास साहू, हरीश साहू शामिल थे।

## तीसरी बार बनाएंगे मोदी को प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्व. अटल बिहारी बाजपेयी सभागृह मेडिकल कॉलेज में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के महासम्मेलन में शिक्षा मंत्री व रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, आज मैं धरती के भगवानों से जीत का आशीर्वाद लेने आया हूं। मैं जानता हूं कि एक डॉक्टर फोन करके पांच हजार को भाजपा को वोट डालने के लिए तैयार कर सकता है। 23 साल से रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने रिकॉर्ड मतों से जीतने का इतिहास बनाया है। अब लोकसभा चुनाव में रिकार्ड मतों से जीतने का इतिहास भी आप लोगों के सहयोग से बनाने जा रहे हैं। श्री अग्रवाल ने कहा, यह संभव होगा भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर जनता के विश्वास से। रायपुर लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए अब मात्र 33 दिन ही बचे हैं और इन दिनों में हमें देश के साथ ही छत्तीसगढ़ को विकसित, विकासशील बनाने, नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेकर काम करना होगा। श्री अग्रवाल ने रायपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न स्थानों से आए डॉक्टरों से कहा, आप अपने अस्पताल में बैठे-बैठे अपने मरीजों और दोस्तों, परिचितों को बताएं कि हम भाजपा को क्यों वोट दें? मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया पर यह काम कर सकते हैं। हर दिन 100 लोगों को फोन कर आसानी से एक डॉक्टर 5000 लोगों की मानसिकता को बदल सकता है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विचार और कार्ययोजना से लोग प्रभावित होकर जुड़ते जा रहे हैं।



- भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के महासम्मेलन में वक्ताओं ने दोहराया

### विश्व कल्याण का चुनाव

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा, 2024 का चुनाव विश्व कल्याण का चुनाव है। पूर्व विधायक व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक विमल चोपड़ा ने कहा, लोकसभा चुनाव परीक्षा है। इस परीक्षा में परिणाम के साथ विशेष अंक अर्थात 400 जीतकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। इस मौके पर उन्होंने चिकित्सकों की मांगों से संबंधित मांगपत्र भी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को सौंपा।

### जवाहर खन्ना ने संभाला अध्यक्ष का कार्यभार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जवाहर खन्ना ने रविवार को पंजाब केसरी भवन जोरा में विधिवत अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया। ज्ञातव्य हो कि विगत 10 मार्च को संस्था के द्वि-वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष श्री खन्ना चुने गए थे। निवृत्तमान अध्यक्ष सुनील डोगर ने परंपरानुसार अध्यक्ष की कुर्सी पर उन्हें बिठाया। श्री खन्ना ने राजीव विग को महासचिव और नीरज सेठी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। उपस्थित समाजजनों ने श्री खन्ना को पुष्पवर्षा कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में निवृत्तमान अध्यक्ष सुनील डोगर, युवा मंडल अध्यक्ष विकास विग, महिला मंडल अध्यक्ष अनिता किंगर, रेणु गुप्ता, मीनू चंगा एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम शर्मा बोले- विनाश का रास्ता छोड़कर विकास के रास्ते पर आएं नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डिप्टी सीएम एवं गृहमंत्री विजय शर्मा का कहना है, नक्सली जिस रास्ते पर चल रहे हैं, वह विनाश का रास्ता है। नक्सली विनाश का रास्ता छोड़कर विकास के रास्ते पर आएं। इस रास्ते पर प्रदेश सरकार भी उनका सहयोग करेगी। नक्सलियों को विकास के लिए अपनी भूमिका तय करनी चाहिए। यह भूमिका हिंसा का रास्ता छोडकर ही संभव है। डिप्टी सीएम राजधानी रायपुर के एक अस्पताल में आईईडी ब्लास्ट में घायल युवक गुड्डू मेकाम को देखने अस्पताल पहुंचे थे।

श्री शर्मा ने कहा, हमने नक्सलियों के आत्मसमर्पण की पॉलिसी बना रखी है, कई आत्मसमर्पण भी हुए हैं। आज वे लोग सुखी जीवन जी रहे हैं। आत्मसमर्पण की प्रक्रिया बहुत तेजी से आगे बढ़ी है। आत्मसमर्पण की प्रक्रिया विश्वसनीय हो, सरल हो, नई जीवन की शुरुआत को प्रेरित करने वाला हो, ऐसा हम और प्रयास कर रहे हैं।

- आईईडी ब्लास्ट में घायल युवक को देखने पहुंचे अस्पताल



### बेहतर इलाज के दिए निर्देश

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा घायल युवक गुड्डू मेकाम से मिलने राजधानी के निजी अस्पताल पहुंचे और युवक की स्थिति को देखकर भावुक हो गए। उन्होंने घायल के परिजनों से कहा, गुड्डू मेरा भाई है, आप सभी मेरा परिवार हैं, मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हूं। गृहमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे युवक का बेहतर-से-बेहतर इलाज कराएंगे। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों से श्री शर्मा ने मरीज के इलाज की प्रगति की जानकारी ली और उन्हें सजगता से इलाज करने के निर्देश दिए।

### बस्तर के विकास के लिए सरकार संकल्पित

गृहमंत्री श्री शर्मा ने कहा, उनकी सरकार छत्तीसगढ़ राज्य के साथ ही बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए भी कृत संकल्पित है। विष्णुदेव सरकार ने नक्सल प्रभावित इलाकों में नियद नेल्लानार योजना शुरू की है। नियद नेल्लानार का मतलब होता है आपका अच्छा गांव। इस योजना के तहत बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा कैंप अब विकास के कैंप के रूप में कार्य कर रहे हैं। कैम्प के 5 किलोमीटर के दायरे में जो गांव हैं, उन्हें विकास से जोड़ा जा रहा है। सुरक्षा कैंपों के माध्यम से गांव वालों तक सुविधाएं पहुंचाने और उन तक सरकार की सभी लाभकारी योजनाओं को पहुंचाया जा रहा हैं। ग्रामीणों के लिए राशन दुकान, आवास निशुल्क बस सेवा, चिकित्सा कैंप लगाकर उनका इलाज करने का काम शुरू हो चुका है।

## पेज 9 के शेष ...

### तेंदुए ने मवेशी का...

तेन्दुआ आ रही है और एक मवेशी का शिकार कर उसे पेड पर लटका दिया ग्रामीणों में भारी दहशत है किसान ने मुआवजा देने की मांग किया है, तो वही मैनपुर सिकासार मार्ग में इन दिनों लगातार खुंखार तेन्दुआ आसानी से ग्रामीणों को दिखाई दे रहा है कई बार तेन्दुआ मुख्य मार्ग में बीचों बीच बैठा दिखाई देता है, रविवार को सिकासार पहुचे लोगो ने क्षेत्र में तेन्दुआ दिखने की जानकारी वन विभाग को दिया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी धवलपुर कामता मरकाम ने बताया कि ग्राम बेगरपाला में एक मवेशी का तेन्दुआ ने शिकार किया है, विभाग द्वारा नजर रखी जा रही है।

### पड़ोसी ही निकला...

आसपास पता तलाश किया पता नहीं चला तभी चोरी गये सोना-चांदी जेवर को उसकी पडोसी हलधर मरकाम की पत्नि भोज बाई के द्वारा पहने जाने देखने पर अपने जेवर जैसा प्रतीत होने पर प्रार्थिया द्वारा थाना मैनपुर रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 38 व 24 धारा 454,380 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान प्रार्थीया एवं गवाहो का कथन लिया जाकर आरोपी हलधर मरकाम से घटना के संबंध व चोरी गये मशरूका के संबंध में पूछताछ कर धारा 27 साक्ष्य अधिनियम अंतर्गत मेमोरण्डम कथन लिया गया जिन्होने घटना दिनांक 30 जून 2022 को प्रार्थिया के घर कमरे में घूस कर संदूक में रखे सोना-चांदी जेवर को चोरी करना अपराध घटित करना व प्रकरण में चोरी गये सोना-चांदी को आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया है।


## अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट तक, खपत छह हजार मेगावाट से ज्यादा

# छग को सोलर से भी मिल रहा 800 मेगावाट का करंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपना प्रदेश जिस बिजली से रोशन होता है, उसमें सोलर बिजली का भी एक बड़ा हिस्सा रहता है। प्रदेश में इस समय बिजली की खपत आसमान पर है। मार्च में ही खपत ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। छत्तीसगढ़ में बिजली की खपत के मुकाबले में उत्पादन बहुत कम होता है। ऐसे में बिजली की पूर्ति के लिए सेंट्रल सेक्टर का ही सहारा रहता है। यहां से तीन से साढ़े तीन हजार मेगावाट बिजली लेनी पड़ती है।

पॉवर कंपनी जो बिजली रोज लेती है, उसमें करीब 800 मेगावाट बिजली का हिस्सा सोलर से बनने वाली बिजली का भी रहता है। इसमें से करीब दो सौ मेगावाट के आसपास बिजली अपने राज्य की और बाकी दूसरे राज्यों की है। पॉवर कंपनी का वैसे अनुबंध करीब 12 सौ मेगावाट का है, लेकिन पूरी बिजली नहीं मिल पाती है। सोलर वाली बिजली दूसरी बिजली से सस्ती पड़ती है। वैसे बाहर से ली जाने वाली बिजली की औसत दर साढ़े चार रुपए के आसपास ही रहती है। प्रदेश के साथ ही देश में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। बिजली की खपत को देखते हुए ही केंद्र सरकार लगातार अब सोलर बिजली की तरफ भी रुख कर रही है। सोलर बिजली के उत्पादन को बढ़ावा भी दिया जा रहा है। सामान्य बिजली के मुकाबले सोलर बिजली की लागत बहुत कम होती है। यही वजह है कि इस बिजली को अब बड़े विकल्प के रूप में देखा जा रहा है।



### दूसरे राज्यों से रोज 600 मेगावाट

पॉवर कंपनी का सोलर बिजली को लेकर देश के दूसरे राज्यों से करीब हजार मेगावाट का अनुबंध है। इसमें से रोज करीब 600 मेगावाट तक बिजली मिल जाती है। सोलर से मिलने वाली बिजली भी सेंट्रल सेक्टर से ही आती है। पॉवर कंपनी के अपने संयंत्रों में अपना उत्पादन रोज 25 सौ मेगावाट से ज्यादा नहीं होता है। जहां तक खपत की बात है तो खपत इस समय छह हजार मेगावाट से ज्यादा है। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से ही साढ़े तीन हजार मेगावाट बिजली ली जाती है। इसी बिजली में सोलर वाली बिजली भी शामिल होती है।

### राजनांदगांव में सौ मेगावाट का संयंत्र

छत्तीसगढ़ में पहली बार राजनांदगांव में इस साल फरवरी में सौ मेगावाट का सोलर संयंत्र बनाया गया है। इसके पहले राज्य में इतना बड़ा संयंत्र नहीं था। पॉवर कंपनी को राज्य में इस संयंत्र को मिलाकर इस समय करीब 272 मेगावाट का सोलर बिजली का अनुबंध है। इसमें से करीब दो सौ मेगावाट के आस-पास बिजली रोज मिलती है। राजनांदगांव से ही रोज 70 मेगावाट के आस-पास बिजली मिल जाती है।

## खबर संक्षेप

### नवोदय में भूषित का चयन

**पांडुका।** सरस्वती शिशु मंदिर पुर्व माध्यमिक विद्यालय पोड़ के भूषित देवांगन पिता प्रवीण कुमार देवांगन



का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। विद्यालय समिति एवं विद्यालय परिवार उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया तो वहीं इस बारे में सस्था के प्राचार्य देवी राम ने बताया की इसके पूर्व पिछले सत्र हमारे विद्यालय से जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत पेमन कुमार दीवान, हर्ष भारती का चयन युगान्तर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में हुआ है। साथ ही एक छात्रा प्रियारानी बंजारे का चयन युगान्तर पब्लिक स्कूल रायपुर में चयन हुआ है। इस प्रकार सभी को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई दिया गया।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में प्रज्ञा का चयन

**फिंगेश्वर।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का परिणाम में नगर में संचालित जुपिटर पब्लिक स्कूल फिंगेश्वर से प्रज्ञा साहू पिता भुनेश्वर



साहू ग्राम दर्रीपार का चयन हुआ है। यह प्राइमरी स्तर का अत्यंत प्रतियोगी एवं कठिन परीक्षा होता है। इस में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए 75 प्रतिशत सीट एवं नगरीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए 25 प्रतिशत सीट आरक्षित होता है। नगर के के बुद्धिजीवी, परिवार के सदस्य एवं जुपिटर पब्लिक स्कूल के संचालक जितेन्द्र साहू, शिक्षक रूपेश्वरी साहू, ओमलाता साहू, रश्मि साहू, धनेश्वरी मार्कण्डेय, पूजा निषाद, मनीषा ठाकुर, प्रियंका साहू, दिव्या ध्रुव, जनकलली शुक्ला, रुपाली यादव ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### मतदान दलों का प्रशिक्षण जारी



**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त मतदान दलों का जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में प्रशिक्षण चल रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुंद तथा प्रतिभा पब्लिक स्कूल बागबाहरा में प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कक्षों में जाकर मतदान दलों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ईवीएम के संचालन तथा विभिन्न प्रपत्रों को तैयार करने की प्रैक्टिस प्रशिक्षण के दौरान अवश्य किया जाए। इस दौरान एसडीएम बागबाहरा सृष्टि चंद्राकर, नोडल अधिकारी नंदकिशोर सिन्हा, जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी, राजेश कौशिक आदि उपस्थित थे।

### पचरी में राज्य स्तरीय मानस गान आयोजित

**महासमुंद।** आदर्श लीला रामायण मंडली द्वारा ग्राम पंचायत पचरी में त्रिदिवसीय राज्यस्तरीय संगीतमय मानस गान का आयोजन किया जा रहा है। 31 मार्च को गौरी पूजा के साथ मानस गान का शुभारंभ हुआ। 1 अप्रैल से 3 अप्रैल कार्यक्रम होगा। 4 अप्रैल को विसर्जन के साथ महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया है।

# अस्पताल व मेडिकल स्टोर से जनरेट बिल में सील लगाकर मतदान के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में मतदाता जागरूकता के तहत जिला प्रशासन ने अनूठी पहल की है। इसके तहत जिले के शासकीय जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मेडिकल स्टोर, रेस्टोरेंट एवं जनरल स्टोर से जनरेट बिल में मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन युक्त सील लगाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इससे मेडिकल पर्ची एवं दुकान से प्राप्त बिल में मतदाता जागरूकता स्लोगन संकल्प एक अभियान शत प्रतिशत हो मतदान एवं 26 अप्रैल मतदान अवश्य करे सूचना युक्त सील लगाए जाने से लोगों को आसानी से मताधिकार की जानकारी मिल रही है। साथ ही मतदाता मतदान दिवस में वोटिंग करने के लिए जागरूक हो रहे है। जिले में संचालित स्वीप गतिविधियों के तहत रबर स्टाम्प सील के माध्यम से जन जन तक शत प्रतिशत मतदान का संदेश निरन्तर दिया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक करने के अभियान में शासकीय संस्थानों सहित निजी संस्थान भी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे है। इसके तहत जिला अस्पताल के ओपीडी पर्ची में, निजी स्टेशनरी मार्ट, रेस्टोरेंट, मेडिकल स्टोर जैसे संस्थानों में ग्राहकों को दिए जाने वाले बिल में मतदाता जागरूकता का सील लगाया जा रहा है।

**जागरूकता : मतदाता जागरूकता के तहत जिला प्रशासन की अनूठी पहल**

- लोगों को मताधिकार का उपयोग करने की आसानी से मिल रही जानकारी




**शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरुक**

कलेक्टर अग्रवाल के निर्देश पर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों की ओपीडी पर्ची में अलग से मुहर लगाकर मतदान के लिए जागरुक करने की नई पहल की जा रही है। स्वास्थ्य केंद्रों के ओपीडी पर्ची में "हमन सब परिवार करे हन इरादा, 26 अप्रैल 2024 को मतदान करे के वादा" की स्लोगन की मुहर लगाकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरुक किया जा रहा है। सील में महासमुंद लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान की तारीख 26 अप्रैल 2024 भी अंकित किया गया है। जिससे लोगों को अपने क्षेत्र में मतदान दिवस की जानकारी आसानी से मिल रही है।

**मानस गान : ग्राम पटेवा में रामायण सुनने हजारों की संख्या में पहुंच रहे लोग**

# राम का नाम लेना व कथा श्रवण करना ही श्रेष्ठ भक्ति है : इंद्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

शहर से लगे ग्राम पटेवा में श्री पटेश्वर मानस परिवार एवं समस्त गांववासियों के सहयोग से तीन दिवसीय अखंड रामायण एवं भव्य मानस गान का शुभारंभ ग्राम की सरपंच भेनमती-राजू पाल,गणमान्य नागरिकों ने भगवान श्री रामचंद्र जी की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया। मानस गान के प्रथम दिवस प्रदेश के प्रतिष्ठित मानस मंडलियों की व्याख्याकारों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों को बताया। प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्रकुमार साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होने कहा कि कलयुग में भवसागर पार करने के लिए श्रीराम कथा एक सरल माध्यम है। राम का नाम लेना कथा श्रवण करना यही तो भक्ति है। कहा कि भक्ति से ही शक्ति मिलती है। इससे आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम में मौजूद सरपंच भेनमती-राजू पाल ने कहा कि राम से बड़ा तो राम का नाम है। रा कहने से मुंह का किवाड़ खुल जाता है और म कहने से बंद हो जाता है। यानी राम में ही सब कुछ समाया हुआ है। राम नाम को अपने जीवन में धारण करें। कार्यक्रम में पधारे शुभांजलि मानस परिवार बारगाही राजनांदगांव के व्याख्याकार भगवत सिंह ने बालकांड दोहा क्रमांक 91 में शिवजी और पार्वती विवाह का बहुत ही सुंदर वर्णन किया। इस कार्यक्रम में आई गायिका सरोजिनी साहू जो कि अयोध्या में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सम्मानित हैं इन्होने इतना प्यारा भजन प्रस्तुत किया जिससे पंडाल में बैठे श्रोता झूमने के लिए मजबूर हो गए। समर्पण महिला मानस मंडली धरमपुरा रायपुर की व्याख्याकार कुमारी धनलक्ष्मी साहू ने भगवान श्रीराम, सीता स्वयंवर का बहुत ही शानदार वर्णन किया। बताया कि बिना सत्संग के भगवान की कथा सुनने को नही मिल सकता। संत की कृपा से सत्संग मिलता है। कहा कि अकेले प्रार्थना करने से हो सकता है कि परमात्मा कुछ देर में सुने लेकिन जब एक साथ लाखों हाथ जुड़कर प्रार्थना करते हैं तो परमात्मा को सुनना ही पड़ता है इसीलिए राम कथा विशेष महत्व रखता है।



**सत्य का आचरण करने वाला व्यक्ति प्रतिष्ठा प्राप्त करता है**

सत्य का महत्व तभी है जब जीवन में मन, वचन, कर्म, से स्वीकार किया जाए। सत्य का आचरण करने वाला व्यक्ति ही सामाजिक जीवन में प्रतिष्ठा एवं सम्मान प्राप्त करता है। सत्य के आचरण के आधार पर ही हम एक दूसरे पर विश्वास करते हैं। तीसरे दिन समापन अवसर पर लोकगायिका आरु साहू ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाई। अभी फेसबुक,सोशल मीडिया और लाखो लोगो के मोबाइल पे बज रहे रिंगटोन राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी..., मेरी झोपड़ी के भाग.. धार्मिक गीत प्रस्तुत कर सबको रोमांचित कर दिया। अपनी मधुर आवाज से आरू ने मौजूद भीड़ को नाचने ठुमकने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष घनश्याम साहू एवं जोगी साहू ने किया। इस अवसर पर पूरे तीन दिनों तक रामायण का श्रवण करने प्रमुख रूप से सरपंच भेनमती-राजू पाल, कुलेश्वर साहू, श्यामलाल साहू, लेखा दिवाकर, मिथलेश साहू, भूषण साहू, कल्याण जांगड़े, आरआर साहू, एन आर साहू ,श्यामलाल तारक, उमेश साहू, घनश्याम साहू, नोवेंद्र साहू, मोहन साहू, प्यारे साहू, केशव साहू, विजय साहू, तुलसी साहू, तुकाराम साहू, लक्षण निर्मलकर, मिलन यादव, फिरंगी तारक सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां विशेष रूप से पहुंचते रहे।





# गांवों में पहुंचकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को बताएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

- भाजयुमो की बैठक में लोकसभा चुनाव की रूपरेखा तैयार किया गया


लोकसभा चुनाव को लेकर भाजयुमो की एक विशेष बैठक मण्डल अध्यक्ष उमेश यादव, जिला महामंत्री भाजयुमो रायपुर ग्रामीण गौरव शर्मा, भाजयुमो मंडल प्रभारी लौटन गिलहरे, नवापारा भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा व जिला पदाधिकारी तथा मण्डल पदाधिकारी कार्यकारणी की मौजूदगी में हुआ। इस बैठक में रायपुर लोकसभा चुनाव के संबंध में संगठनात्मक चर्चा के अलावा वरिष्ठो ने दिशा-निर्देश देते हुए आगामी कार्ययोजना के तहत रूपरेखा बनाकर शक्तिकेन्द्र, बूथ, युवा चौपाल , प्रवेश उत्सव, झण्डा लगाना, वाल राइटिंग को मंडल क्षेत्र के 22 गांवो में घर-घर पहुंचकर सरकार की योजनाओं को बताया जाएगा। बैठक में मौजूद भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रचंड मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया गया। भाजयुमो अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने विज्ञप्ति में बताया कि 400 पार के साथ एक बार फिर से केंद्र में मोदी जी की सरकार बनाना है। इस लक्ष्य को लेकर समस्त कार्यकर्ता आगे बढ़ेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री सौरभ जैन, गुलशन साहू, अनुज राजपूत, द्विज साहू, ऐश्वर्य गोयल, अनस रिजवी, कोमल साहू, प्रेम साधवानी, पूर्व भाजयुमों अध्यक्ष संजय साहू, देवेंद्र सेन, मुकेश निषाद, रमन सोनकर, तरुण यादव उपस्थित थे।



# गन्ना रस एवं कोल्डड्रिंक की मांग बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

तेज धूप के चलते तापमान मे वृद्धि। गर्मी से राहत के लिए लोग शीतल पेय का ले रहे है सहारा। कोल्ड ड्रिंक एवं गन्ना रस की मांग बढ़ी। मार्च महिने से ही आसमान मे निकले सूरज की गर्मी से तापमान मे वृद्धि हो रही है। लोगा मुंह कानो को ढंककर दो अपने घरों से निकलने मजबूर हो रहे है। धूप मे भ्रमण करने के कारण लोगों को कोल्ड ड्रींक एवं गन्नारास पीने की तलब बढ़ गई है जिसको लेकर नगर के कोल्ड ड्रींक सेंटरो में पहुंचकर लोग कंठ तर कर रहे हैं। इसी कड़ी मे नगर के रानी श्माकुमारी चौक में दिव्या गन्ना रस सेंटर मे इलेक्ट्रानिक गन्ना मशीन की दूकान मे गन्ना रस पीने लोगों की भीड़ जमा हो रही है। पार्षद दीपक श्रीवास ने बताया कि प्यास बुझाने को लेकर यू तो बहुत से पेय पदार्थ एवं कोल्ड ड्रींक बाजार में उपलब्ध है लेकिन उन सभी में गन्ना रस ही अच्छा लगता है। इसी प्रकार नगर के अन्य शीतल पेय दुकानों में कोल्डड्रिंक का भी लोग सेवन करते नजर आ रहे हैं।



### मतदान का प्रतिशत बढ़ाने गांवों में जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिले के शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर एवं मुख्य जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक व मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वीप जिला महासमुंद एस आलोक के निर्देशन एवं प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल व डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो व जिला समन्वयक स्वीप महासमुंद के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा व राजेश्वरी सोनी के नेतृत्व में कैंपस एंबेसडर प्रियांशु तिवारी, सोनिया साहू सहित सभी रासेयो स्वयंसेवक अपने-अपने ग्रामों, वार्डों, मोहल्ला में मतदाता जागरुकता संबंधी नुक्कड़ नाटक, नारा लेखन, जागरुकता रैली, रंगोली बनाकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

### स्थानीय परीक्षा प्रारंभ...



राजिम। स्कूलों में अब स्थानीय परीक्षाएं सोमवार से प्रारंभ हो गया है। शिक्षक रामनारायण मिश्रा ने बताया कि कक्षा छठवी से आठवीं तक की परीक्षाएं 8 अप्रैल तक पूरा हो जाएगा।

# भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की : पंडित भूपेन्द्र



**छुईहा बेलर।** ग्राम चैतरा में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को पंडित भूपेन्द्र शर्मा सेंदर वाला ने सृष्टि की रचना के प्रसंग का वर्णन किया। कहा कि पृथ्वी को पाताल लोक से लाने के लिए श्री हरि विष्णु ने वराह अवतार लिया। इसे सुन श्रद्धालु भाव विह्वल हो गए। कथा व्यास ने कहा कि सबसे पहले भगवान श्री हरि विष्णु की नाभि से कमल के फूल पर बैठे ब्रह्मा की उत्पत्ति हुई और भगवान श्री हरि विष्णु के आदेश के अनुसार ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की। उन्होंने मनु और सतरूपा की उत्पत्ति की। मनु और सतरूपा से पांच संतानें दो पुत्र और तीन कन्या हुईं। इसके बाद कहा कि एक दैत्य पृथ्वी को पातालपुरी ले गया और पृथ्वी को वापस लाने के लिए भगवान श्री हरि विष्णु ने वराह अवतार लिया। इसी तरह बालक ध्रुव की कथा भी व्यास ने सुनाई। कथा में बिहारी जी के भजनों का सुंदर गुणगान हुआ। सुशीला हेममणी वीणा सुरेन्द्र लीलेश्वरी रविशंकर शर्मा उपस्थित थे।

**गांव सहित शहरों में देशी फ्रीज मटकों की काफी डिमांड**

# गर्मी की दस्तक देते ही बढ़ी देसी फ्रीज की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

पहले समय में लोग अपने घरों में मिट्टी के घड़े रखते थे, पीने के पानी के लिए इसी घड़े का इस्तेमाल किया जाता था। खासतौर से गर्मियों में क्योंकि इससे ना केवल पानी कुदरती रूप से ठंडा रहता है बल्कि स्वास्थ्य के नज़रिए से लाभदायक भी है। अप्रैल महीने में गर्मी का सीजन शुरू होते ही गर्मी बढ़ने से देशी फ्रीज की मांग बढ़ गई है। लोग गर्मी के दिनों में देशी फ्रीज यानी मटका का पानी पीना पसंद करते हैं। क्योंकि मटका का पानी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होता है। गर्मी का सीजन लगते ही रसेला सहित क्षेत्र में आसपास रहने वाले प्रजापति वर्ग के लोग रसेला सहित क्षेत्र के साप्ताहिक बाजारों में मटका लेकर पहुंच रहे हैं। रसेला निवासी कृष्णा चक्रधारी कहना है कि वह पिछले 30- 35 वर्ष से मिट्टी से विभिन्न प्रकार के औजार बनाकर बेचने का काम करते आ रहे हैं। सामान्यत हर वर्ष मार्च, अप्रैल महीने में ही घडा की मांग बढ़ जाती है। उन्होंने ने बताया कि एक घड़ा की कीमत 150 रुपए में बेच रहे हैं। गौरतलब है कि रसेला सहित आसपास गांव में देशी फ्रीज मटकों की काफी डिमांड रहता है और बाहर से आने वाले छोटे-छोटे दुकानदार साप्ताहिक बाजारों में मटके बेचने आते हैं। मटके के पानी पीने से शरीर काफी स्वास्थ्य रहता है। गर्मी के दिनों में फ्रीज से बेहतर मटके का पानी पीना बेहतर माना जाता है। अन्दर हल्के छेद रहते हैं और वह मटकी को गीला रखता है, इससे हवा के सम्पर्क में आने से मटके का पानी फ्रीज की तरह ठंडा रहता है। दो दिन पहले मौसम में अचानक परिवर्तन होकर हल्की बारिश होने के बाद से मौसम में ठंडकता आ गई है। इधर मौसम खुलने पर गर्मी का एहसास होने लगा है। अब इधर जैसे जैसे गर्मी बढ़ती जाएगी वैसे देशी फ्रीज की मांग भी बढ़ती जाएगी।



**न्यायालय नायब तहसीलदार, गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र. क 202402111100107 अ/6 (अ) वर्ष 2023-24
ग्राम खोला प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. पिपरौद
तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर
क्रमांक / / तह. / वाचक- 2/2024
नवापारा, दिनांक 12/03/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बेदबाई पिता नंदलाल/पति बिसेलाल निवासी ग्राम खोला द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर के समक्ष आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115, 116 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पेश कर लेख किया है कि खोला प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. पिपरौद तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर में स्थित आबादी भूमि पर आवेदिका का मकान है। जिसका रकबा 0.05 डिसमिल है। जिसके दक्षिण में निस्तारी गली, पश्चिम में बालकिशन की बाड़ी एवं पूर्व में गली है। भूमि का बंदोबस्त सर्वेक्षण पश्चात नया ख.नं. 644 पर मकान बना है। जिसे आवेदिका ने वर्ष 1993 में जवाहरलाल पिता मनराखन से खरीदी है, तब से उक्त भूमि पर दाखिल काबिज होकर निवासरत है। आवेदिका के उक्त आबादी भूमि ख.नं. 644 बंदोबस्त पश्चात देवव्रत वगैरह के नाम पर त्रुटिवश हो गया है, जबकि आवेदिका उक्त भूमि पर बने मकान में अपने परिवार के साथ अभी भी वर्ष 1993 से निर्बाध रूप से निवासरत है। आवेदिका अपने द्वारा क्रय की गयी भूमि की रकबा 5 डिसमिल की बंदोबस्त पश्चात नया ख.नं. 644 रकबा 5 डिसमिल पर त्रुटिवश देवव्रत के नाम पर दर्ज हो गया है, जिसे पुनः आवेदिका के नाम पर सुधार किये जाने बाबत आवेदन पेश करने से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसकी सुनवाई हेतु प्रकरण इस न्यायालय मे दिनांक 04/04/2024 को नियत है।

उपरोक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता / अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा, नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है. बाद मे आये दावा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
नायब तहसीलदार
गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**



## युवाओं के लिए सैन्य प्रशिक्षण

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई महासमुंद सदस्यों द्वारा युवाओं को निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महासमुंद जिला के फारेस्ट ग्राउंड में महासमुंद एवं आसपास गांव के युवा प्रशिक्षण में शामिल हो रहे हैं। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि सुबह 6 बजे से 07:30 तक आयोजित इस सैन्य प्रशिक्षण में युवा वर्ग भाग ले सकते हैं।

## आठवीं के छात्रों को दी गई विदाई

**महासमुंद।** संकुल केंद्र पटेवा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रामसागरपारा में कक्षा आठवीं में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को साझा किया। शिक्षकों ने अपने विचार में विद्यार्थियों को जीवन के नए मार्ग एवं उच्च शिखर में बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन खेल का भी आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने इसका भरपूर आनंद उठाया। शाला में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया एवं सभी को कलम भेंटकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा स्कूल को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य राजकुमार ठाकुर, नागेंद्र ठाकुर, ओम प्रकाश यादव, सुरेश निषाद, भुवनेश्वरी, कमलेश्वरी ठाकुर, शिक्षकगण ऋषि पटेल, रविकांत गोस्वामी, मुरलीधर निषाद, संकुल समन्वयक राजू देवांगन, मध्यान्ह भोजन संचालन के सदस्य, रसोईया आदि मौजूद रहे। एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भागवत कथा श्रवण मात्र से जीवन के सारे पाप मिट जाते हैं : पंडित रत्नेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर में यादव परिवार के तत्वाधान में आयोजित भागवत कथा के प्रथम दिन कथा व्यास से भागवत आचार्य पंडित रत्नेश राम मिलन पांडेय महाराज ने कहा कि जन्म-जन्मांतर एवं युग-युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है तब ऐसा अनुष्ठान होता है। भागवत कथा श्रवण मात्र से जीवन के सारे पाप मिट जाते हैं। श्रीमद्भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है। उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण का बखान करते हुए कहा कि सबसे पहले सुकदेव मुनि ने राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाई थी, उन्हें सात दिनों के अंदर तक्षक के दंश से मृत्यु का श्राप मिला था। कथा व्यास ने आगे बताया कि श्रीमद्भागवत कथा अमृत पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है। श्रीमद् भागवत महापुराण वेदों का सार है, जब ज्ञान वैराग्य की मूर्छा दूर करने के लिए ऋषियों ने देवर्षि नारद से कहा कि आप ज्ञान और वैराग्य को जगाने के लिए उन्हें श्रीमद् भागवत महापुराण सुनाओ। नारद ने कहा कि ऋषिवर मैंने उन्हें सारे वेद और उपनिषेद सुना दिए हैं। जब वेदों व उपनिषेदों से कोई फायदा नहीं हुआ तो भागवत पुराण से क्या फायदा होगा। ऋषियों ने कहा कि भागवत महापुराण सभी ग्रंथों का सार है, जो फायदा सार शिक्षा से होता है वह पूरी कहानी पढ़ने से नहीं होता है। आयोजक स्वर्गीय लतेल राम यादव की धर्म पत्नी फुल्कंवर यादव ने अपने पूर्वजो की स्मृति में आमापारा नीज निवास के समाने यह कथा प्रतिदिन दोपहर 2:00 से देर शाम तक चलती है। इसका समापन 8 अप्रैल को सहस्त्र धारा, हवन पूर्णाहुति के साथ होगा। वहीं आयोजक परिवार यशवंत यादव, पार्षद हरिश यादव, पत्रकार तेजस्वी यादव, कुसुम, तिलेश्वर यादव एवं परिजनो द्वारा किया जा रहा है।

**सुकदेव मुनि ने राजा परीक्षित को सबसे पहले भागवत कथा सुनाई थी**



### कलशयात्रा के साथ भागवत का शुभारंभ



छुरा। ज्ञान और वैराग्य भक्ति के पुत्र हैं। दोनों साथ- साथ चलते है। ज्ञान और वैराग्य के सहयोग से जब भक्ति आपके जीवन में लहराएगी, तो आपकी दुर्दशा और दयनीय दशा सदा के लिये समाप्त हो जाएगी और जीवन मे खुशहाली आ जाएगी। छुरा नगर के प्रतिष्ठित स्वर्गीय लतेल राम यादव व उनके छोटे भाई स्वर्गीय घासी राम यादव की स्मृति में उनके परिजनो द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण गीता ज्ञान यज्ञ उत्सव के शुभारंभ अवसर पर भागवत माहात्म्य, गौकरन कथा बताते हुए व्यास पीठ से भगवताचार्य पंडित रत्नेश राम मिलन पांडेय जी महराज ने श्रद्धालुओं को उक्त बाते कही। श्रीमद भागवत महापुराण का शुभारंभ कलश यात्रा एवं वेदी पूजन के साथ हुआ। भगवता चार्य पंडित रत्नेश पांडेय महराज ने बताया की सप्त दिवसीय कथा का प्रथम दिवस आज दोपहर 1:00 बजे से शुकदेव जन्म से प्रारम्भ किया जायेगा।

**चयन : ब्लॉक के 37 बच्चों का राष्ट्रीय साधन सहप्रावीण्य छात्रवृत्ति के लिए हुआ चयन**

# मेघावी विद्यार्थियों को मिलेगा हर माह 1 हजार व 4 साल में 48 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

राष्ट्रीय साधन सहप्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 में ब्लाक के 37 बच्चों का चयन हुआ है। इन विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए केंद्र सरकार द्वारा आगामी 4 वर्षो तक अर्थात कक्षा 12वीं तक प्रति माह 1000 रूपए दी जाएगी। इस तरह 4 साल में 48 हजार रुपए छात्रवृत्ति प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए शिक्षक बसंत दीवान ने बताया कि भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय साधन सहकेंद्रीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कक्षा आठवीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर मेघावी विद्यार्थियों को यह छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। पिछले वर्ष पूरे प्रदेश में 2246 पात्रता लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो पाया था। अभनपुर विकासखंड में भी पंजीयन बहुत कम था। पंजीयन एवं परिणाम संख्या में वृद्धि हेतु पीएलसी अभनपुर संयोजक हेमंत साहू, शिक्षक बसंत दीवान शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चेरिया द्वारा प्रचार प्रसार कर विकासखंड अभनपुर में इस वर्ष 261 बच्चों का पंजीयन कराया गया, जिसमें से 37 विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति हेतु चयन हुआ है। इनमें से सर्वाधिक 12 विद्यार्थी का चयन संकुल केंद्र कुरूं एवं उपरवारा से हुआ है। मिडिल स्कूल तेंदूवा से 5 विद्यार्थी, चेरिया से 3, कुरूं से 3, इंग्लिश मीडियम ब्लॉक कॉलोनी अभनपुर से 3, संकरी से 2, नवापारा से 2, उगेतरा से 2, पोंड़ से 2, तर्री से 2, सारखी से 1, पिपरौद से 1, सिवनी से 1, खंडवा से 1, भरेंगा से 1, तमासिवनी से 1, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल अभनपुर से 1, हसदा से 1, तोरला से 1, दादरझोरी से 1, खोल्हा से 1, बड़े उरला से 1, गोतियारडीह से 1 विद्यार्थी का चयन हुआ है। इस वर्ष परीक्षा में छत्तीसगढ़ राज्य में कुल सीट 2246 पद के लिए 20467 बच्चों ने नामांकन जमा किया था , जिसमें से 19664 विद्यार्थियों ने चयन परीक्षा दिलाया। 3128 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिसमें मेरिट के आधार पर 2246 विद्यार्थी पात्रता सूची में शामिल हुए।




### इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

ब्लाक में बच्चों के नामांकन में वृद्धि तथा परीक्षा की तैयारी कराने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भागीरथी बघेल के मार्गदर्शन में बसंत दीवान मिडिल स्कूल चेरिया, मनीष साहू मिडिल स्कूल तेंदुवा, दीपक सिन्हा मिडिल स्कूल कुरूं, नागेंद्र कंसारी मिडिल स्कूल पोंड़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बच्चों के इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजय वर्मा, आर के साहू, बीआरसीसी बीआर बघेल, नोडल प्राचार्य एलेग्जेंडर तिग्गा, प्राचार्य किरण ठाकुर, संकुल समन्वयक यशवंत साहू, प्रधान पाठक सावित्री शुक्ला, शिक्षक लक्ष्मीनारायण शुक्ला, लक्ष्मी ठाकुर, राधिका साहू, इंद्राणी चंद्राकर, सुनीता दीवान, रवि चंद्राकर, झनेंद्र निर्मलकर ने बधाई दी।

# सुबह पाली में विद्यालय संचालन करने टीचर्स संघ ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जिले के स्कूलों को माह अप्रैल से सुबह पाली में संचालित करने की मांग किया। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नया रायपुर द्वारा एक सितंबर 2018 को जारी पत्र में राज्य शासन के पूर्व के समस्त आदेशों को अधिक्रमित करते हुए शालाओं के संचालन के संबंध में आगामी आदेश पर्यन्त के लिए स्थाई निर्देश जारी किया गया है, जिसके बिंदु क्रमांक तीन में माह अप्रैल में समस्त शालाओं के लिए समय सीमा सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिला शिक्षाधिकारी ने प्रतिनिधियों को आश्वशत किया कि माह अप्रैल से सुबह पाली में शाला संचालन के संबंध में उच्चाधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र ही आवश्यक निर्देश प्रसारित किया जाएगा। इस दौरान प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर, जिला सचिव सुरेश केला, जिला कोषाध्यक्ष नंदकुमार रामटेके, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सोनवानी, ब्लॉक सचिव संजय यादव उपस्थित रहे।

# जोन स्तरीय बैठक में विधायक सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता हुए शामिल




हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा सोमवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर से 06 किलोमीटर दूर ग्राम देहारगुडा में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जोन स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारणी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, एवं सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही रणनीति तैयार की गई, कांग्रेस द्वारा चुनाव प्रचार को लेकर इस बार बुजूर्ग व वरिष्ठ कांग्रेसियों को जिम्मेदारी सौपने के साथ ही क्षेत्र में कांग्रेस को भारी लीड दिलाने का संकल्प लिया गया। आयोजित बैठक कों संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में जिस तरह कांग्रेस कार्यकर्ता पुरी मेहनत और लगन के साथ इस क्षेत्र में मुझे विधायक चुने गये उसी लगन और मेहनत के साथ कांग्रेस के प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव में विजय दिलाना है। इस बैठक में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारणी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेदु यादव, ब्लॉक कांग्रेस सचिव नेयाल नेताम, टीकम सिंह कपील, शिवचरण दीवान, सरपंच डिगेश्वरी साण्डे, लोकेश साण्डे, खेलन साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, भरत दीवान, कुशल दीवान, पारेश्वर नेगी, गजेन्द्र यादव, तनवीर राजपुत, सोनु यादव, अजय कुमार सोम, नकछेडा दीवान सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# सेवानिवृत्ति पर डोमार सिंह का शॉल और श्रीफल से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के दक्षिण उदंती वन परिक्षेत्र अधिकारी डोमार सिंह साहू के सेवा निवृत्त होने पर वन विभाग द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया और सेवा निवृत्त हो रहे वन परिक्षेत्र अधिकारी डोमार सिंह साहू को साल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। रविवार को दक्षिण उदंती परिक्षेत्र अधिकारी डोमारसिंह साहू को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर दक्षिण उदंती परिक्षेत्र के समस्त स्टॉफ द्वारा भावभीनी विदाई दिया गया एवं उत्तर उदंती परिक्षेत्र अधिकारी डीएन सोनी को दक्षिण उदंती परिक्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार लेने पर स्वागत किया गया। साथ ही अरसीकन्हार परिक्षेत्र में पदस्थ रहे रेंज ऑफिसर देवदत्त तारम सर का अरसीकन्हार परिक्षेत्र से कांकेर जिले के कापसी परिक्षेत्र में स्थानांतरण होने पर उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के समस्त स्टॉफ द्वारा विदाई दिया गया। इस मौके पर उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन, सहायक संचालक उदंती गोपाल कश्यप, रेंज ऑफिसर डीएन सोनी, रेंज ऑफिसर राकेश परिहार, रेंज ऑफिसर संजीत मरकाम, अशोक सिंह ठाकुर, धर्मेन्द्र सोनवानी, मनोज ध्रुव, टकेश्वर देवांगन, अनुप जांगड़े, नीलकंठ ध्रुव, विरेन्द्र ध्रुव, सूर्यदेव जगतवंशी, बिसनाथ पटेल, ओमेश साहू, देव निर्मलकर, अजय साहू, नवल यादव, शाहरुख खान, योनेश, दीपक, शोभाचंद ललित, रामदास, नीरू, गौतम, एवं दक्षिण उदंती, उत्तर उदंती, तौरेंगा, कुल्हाड़ीघाट, मैनपुर के समस्त मैदानी एवं कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित थे।

# धूम्रपान की जगह ध्यान तथा शराब की जगह साधना को चुनना चाहिए : ठाकुर

**गोंड़ समाज के पांचवी बार संरक्षक बने नीलकंठ ठाकुर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज सर्कल के विशेष कार्यकारिणी बैठक ग्राम हरदी में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य व समाज के संरक्षक नीलकंठ सिंह ठाकुर, अध्यक्षता सर्कल अध्यक्ष कोमल सिंह ध्रुव, विशेष अतिथि सह संरक्षक ईतवारी राम ध्रुव, उपाध्यक्ष रेवा राम ध्रुव प्रमुख रुप से उपस्थित थे। संचालन सचिव देव नारायण ध्रुव ने किया। वहीं उन्होने बैठक के विषय वस्तु एजेण्डा को रखा। संरक्षक नीलकंठ सिह ठाकुर ने कहा कि समाज स्वस्थ बने इसके लिए समाज के लोगों को धुम्रपान की जगह ध्यान को तथा शराब की जगह साधना को चुनना चाहिए। समाज के लोगों ने रानी दुर्गावती मूर्ति स्थापना के राशि और चांवल पंचो के माध्यम से नवीन कोषाध्यक्ष के पास जमा करने का निर्णय लिया गया। समाज के सर्व पंचों के सहमति से सर्कल के सभी पदाधिकारियों का चयन किये जाने का प्रावधान है । सभी उपस्थित पंचों ने एक मत होकर, जिसमें सर्व प्रथम पांचवी बार संरक्षक नीलकंठ सिंह ठाकुर को बनाया गया। सह संरक्षक कोमल सिंह ध्रुव, देवपाल ध्रुव को तथा नवीन सर्कल अध्यक्ष सेवन ध्रुव हरदी को बनाया गया। उपाध्यक्ष रेवा राम ध्रुव सिवनी, कोषाध्यक्ष अवध राम ध्रुव, सहयोगी चंदन सिंह ध्रुव, सचिव देव नारायध्रुव, सह सचिव हेमंत ध्रुव, संचालक केशु राम ध्रुव, सलाहकार बृजलाल, मंथीर, जिल्लू, गैंद, धरम ,पंच राम ध्रुव को तथा समाज सेवक जगदेव ध्रुव को बनाया गया। वहीं महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीरा ध्रुव, उपाध्यक्ष देश बाई ध्रुव, सचिव खिलेश्वरी ध्रुव को एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष हेमलाल ध्रुव, उपाध्यक्ष फूल सिंग ध्रुव व सचिव त्रिलोक ध्रुव को तथा युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रेख राम, उपाध्यक्ष परमेश्वर ध्रुव व सचिव कौशल ध्रुव को सर्व सर्कल पंचों की सहमति से बनाया गया। उक्त विशेष कार्यकारिणी बैठक में सर्व सर्कल पदाधिकारी सहित सर्कल के सभी ग्राम के पंच गणो सहित सामाजिक कार्यकर्ता गंगा राम ध्रुव, बुढान ध्रुव, ईसाई राम ध्रुव, सुराज ध्रुव, दुलम बाई, महेश ध्रुव, गैंदू राम ध्रुव, सहित सामाजिक जन प्रमुख रुप से उपस्थित थे।





## बच्चों को पूरी, सब्जी व सलाद का वितरण

**कोपरा।** प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूल मुरमुरा में सोमवार को संयुक्त रूप से न्यौता भोज का भव्य और सफल आयोजन किया गया। शाला में अध्ययनरत एक छात्रा के जन्मदिन पर उनके पालक और क्षेत्र के समाजसेवी गणेश राम साहू द्वारा आयोजित किया गया था। उक्त न्यौता भोज कार्यक्रम में बच्चों को चांवल दाल, खीर-पूरी, सब्जी-सलाद का वितरण किया गया। जिससे बच्चें काफी प्रसन्न नजर आ रहे थे। इस दौरान हाईस्कूल मुरमुरा के प्राचार्य टीआर साहू, प्रधानपाठक गणपत लाल साहू के अलावा शाला परिवार के सभी शिक्षक जिसमें प्रकाश सिन्हा, ताराचन्द मरकाम, दीलिप निषाद, मेघनाथ साहू, भुवनेश्वर यादव, संकुल समन्वयक करण सिंह कमार, ग्राम सरपंच दशोद ध्रुव के साथ गांव के वरिष्ठ नागरिको का भी योगदान उल्लेखनीय रहा। जिसमें नारायण साहू, बेदराम साहू, बिसेराम साहू, रोहित साहू, खोवा राम साहू, खेदूराम साहू, लखन लाल साहू, फूलसिंग साहू, खोमन ध्रुव व चित्रेश आदि उपस्थित रहे।







